SNEH TEACHERS TRAINING COLLEGE, JAIPUR
"Foster Emotional Intelligence in Youth Through Education" (ICFEIYE-2024)
DATE: 15 April 2024
International Advance Journal of Engineering, Science and Management (IAJESM)
Multidisciplinary, Indexed, Double-Blind, Open Access, Peer-Reviewed, Refereed-International Journal, Impact factor (SJIF) = 7.938

नेतृत्व प्रभावशीलता में भावात्मक बुद्विमता की भूमिका

डॉ. अल्पना शर्मा, शोध निर्देशक, उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान मानित विश्वविद्यालय, गॉधी विद्या मन्दिर, सरदारशहर
अर्चना शर्मा, शोधार्थी, उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान मानित विश्वविद्यालय, गॉधी विद्या मन्दिर, सरदारशहर

सरांश

भावनात्मक बुद्विमता ऐसे नेताओं का निर्माण करती है जो जवाब देह, आत्म जागरूक, भरोसेमंद रिश्तों को महत्व देते है और बढ़ावा देते है, और सबसे सकारात्मक तरीकों से भावनाओं को समझते हैं और नियंत्रिक करते है बुद्वि लब्धि के कारण हो किसी की अपने जीवन में सफलतॉए एवं उपलब्धियॉ प्राप्त होती है लेकिन आंधुनिक शोधों से यह स्पष्ट हुआ है कि व्यक्ति को अपने जीवन में जो सफलाताऍ मिलती है उसका 20% ही बुद्वि लब्धि के कारण होता है और 80% सांवेगिक लब्धि के कारण होता है बुद्वि से संज्ञानात्मक योग्यता का बोध होता है।

नेतृत्व का मतलब सिर्फ एक टीम का मार्गदर्शन करना या रणनीतिक निर्णय लेना नहीं प्रभाव नेतृत्व स्वयं और दूसरों की गहरी समझ में निहित है जिसमें सांवेगिक बुद्वि या भावात्मक बुद्विमता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज के गतिशील कारोबारी माहौल मे, उच्च भावनात्मक बुद्विमता वाले नेताओं के सफल होने की अधिक संभावना है उच्च स्तर की भावनात्मक बुद्विमत्ता वाले नेता अपनी टीमों के साथ जुड़ सकते है बदलती परिस्थितियों के अनुकूल ढल सकते है और ऐसे निर्णय ले सकते है जो तथ्यों और भावनाओं दोनो पर विचार करते है।

भावनात्मक रूप से बुद्विमान नेता एक खुली और समावेशी संस्कृती बनाते है एक कुशल नेता निर्णय लेते समय तथ्यों और भावनाओं दोनो पर विचार करते है उच्च ई आई नेता अपनी टीम के सदस्यों के साथ मजबूत संबंध बनाते है। भावात्मक बुद्वि एक श्रेष्ठ नेतृत्व के लिए अति आवश्यक है। नेतृत्व के संदर्भ में भावात्मक बुद्विमत्ता एक महत्वपूर्ण घटक है दबाव की स्थिति से निबटना यदि यह योग्यता हो तो निश्यय है मिलेगा। भावात्मक योग्यता है अपनी भावनाओ का सही उपयोग करते हुए सफल नेतृत्व करना।

तकनीकी शब्दावली– नेतृत्व, बुद्वि, भावनात्मकता प्रभावशीलता, भूमिका